तत्काल प्रकाशन हेतु

प्रेस के लिए सूचना टिप्पणी
प्रेस विज्ञप्ति सं. 149/2026

## भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 'नेटवर्क अनुभव प्लेटफॉर्म' का लॉन्च किया

**नई दिल्ली, 04 नवंबर 2026:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आज 'नेटवर्क अनुभव प्लेटफॉर्म' का लॉन्च किया। यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं द्वारा किए गए नेटवर्क परीक्षणों के आंकड़ों और भादूविप्रा द्वारा किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के आंकड़ों के लिए एक भू-स्थानिक एवं विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड उपलब्ध कराता है। इसके साथ ही, डीएनडी (डू नॉट डिस्टर्ब) सेवाओं के लिए वेब इंटरफेस भी उपलब्ध कराया गया है। उपभोक्ता परीक्षण आंकड़ों में भादूविप्रा के MySpeed और MyCall ऐप के माध्यम से किए गए परीक्षणों के परिणाम शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और भादूविप्रा को नेटवर्क के विभिन्न मापदंडों से संबंधित जानकारी प्रदान करता है।

### भू-स्थानिक मानचित्रों की प्रमुख विशेषताएं

भू-स्थानिक मानचित्रों के माध्यम से उपभोक्ता निम्नलिखित सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं:

- सेलुलर अथवा फिक्स्ड ब्रॉडबैंड के रूप में वर्गीकृत परीक्षण परिणाम देख सकते हैं। इन परिणामों को सेवा प्रदाता और प्रौद्योगिकी के आधार पर अलग-अलग देखा जा सकता है। इनमें डाउनलोड और अपलोड गति सहित विभिन्न मापदंड शामिल हैं।
- मानचित्र पर नेविगेट और ज़ूम करके उपभोक्ताओं द्वारा किए गए परीक्षणों के स्थान एवं वितरण का अवलोकन कर सकते हैं।
- प्रदर्शित परिणामों को समझने के लिए फिल्टर, संकेतक, सहायक तालिकाओं और डाउनलोड की जा सकने वाली रिपोर्टों का उपयोग कर सकते हैं।

यह प्लेटफॉर्म किसी निर्धारित क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं द्वारा किए गए परीक्षणों के आधार पर गणना किए गए प्रतिशतक मान प्रदर्शित करता है:

- **P50 (माध्यिका गति):** आधे परीक्षणों में दर्ज गति इस मान के बराबर या इससे अधिक होती है।
- **P80 (मोबाइल ब्रॉडबैंड के लिए):** 80 प्रतिशत परीक्षणों में दर्ज गति इस मान के बराबर या इससे अधिक होती है।
- **P90 (फिक्स्ड ब्रॉडबैंड के लिए):** 90 प्रतिशत परीक्षणों में दर्ज गति इस मान के बराबर या इससे अधिक होती है।

हालांकि उपयोगकर्ता परीक्षणों पर आधारित ये मान मानक पद्धति के अनुसार नेटवर्क गुणवत्ता के व्यापक आकलन का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, तथापि ये विभिन्न स्थानों पर अन्य उपयोगकर्ताओं के अनुभव के संबंध में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। मानचित्रों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर किए गए स्वतंत्र

सचिव/Secretary
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
Telecom Regulatory Authority of India
नई दिल्ली/New Delhi

ड्राइव टेस्ट के परिणामों का भू-स्थानिक अवलोकन भी किया जा सकता है। इस प्रकार, इन आंकड़ों और उनके भू-स्थानिक प्रदर्शन से उपभोक्ताओं को अन्य उपयोगकर्ताओं के अनुभव तथा स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट के परिणामों के संबंध में उपयोगी जानकारी प्राप्त होती है।

**उपभोक्ताओं का सशक्तीकरण**

उपभोक्ता स्पैम की शिकायत दर्ज करा सकते हैं और इंटरनेट की गति का परीक्षण कर सकते हैं। भादूविप्रा के ऐप, वेब इंटरफेस तथा स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट से प्राप्त समेकित परिणाम नेटवर्क अनुभव डैशबोर्ड पर उपलब्ध हैं। उपभोक्ता विभिन्न स्थानों पर अन्य उपयोगकर्ताओं द्वारा किए गए परीक्षणों के स्थान-विशिष्ट परिणाम भी देख सकते हैं।

**दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और भादूविप्रा के लिए उपयोगी जानकारी**

एक सुरक्षित इंटरफेस के माध्यम से दूरसंचार सेवा प्रदाता उपभोक्ताओं द्वारा किए गए कॉल गुणवत्ता, कवरेज और इंटरनेट परीक्षणों से संबंधित आंकड़े देख सकते हैं। स्थान, दिनांक, समय तथा तकनीकी मापदंडों के मूल्यों सहित उपलब्ध जानकारी के आधार पर टीएसपी आगे के विश्लेषण के लिए भू-स्थानिक क्षेत्रों की पहचान कर सकते हैं और नेटवर्क में सुधार के लिए इन आंकड़ों का उपयोग कर सकते हैं।

भादूविप्रा उपभोक्ता अनुभव की साक्ष्य-आधारित निगरानी के लिए इन समेकित जानकारियों का उपयोग कर सकता है तथा नेटवर्क के प्रदर्शन में सुधार के लिए इन आंकड़ों का विश्लेषण कर सकता है।

**MySpeed SDK**

भादूविप्रा का MySpeed SDK योग्य तृतीय-पक्ष ऐप को कनेक्टिविटी मापन की सुविधाएं एकीकृत करने में सक्षम बनाता है। इसके व्यापक एकीकरण से उपभोक्ताओं की भागीदारी बढ़ सकती है और प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वास्तविक परिस्थितियों में किए गए नेटवर्क परीक्षणों के आंकड़ों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

**डीएनडी सेवाएं**

अनुभव पोर्टल के माध्यम से अब डीएनडी सेवाओं तक वेब इंटरफेस द्वारा भी पहुंच उपलब्ध है। उपभोक्ता उपलब्ध डीएनडी सुविधाओं का उपयोग वाणिज्यिक संचार के संबंध में अपनी प्राथमिकताएं दर्ज करने, अनचाहे वाणिज्यिक संचार से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने, शिकायतों की स्थिति जानने तथा समेकित और सेवा प्रदाता-वार शिकायत संबंधी जानकारी देखने के लिए कर सकते हैं।

इस अवसर पर भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी ने कहा:

"नेटवर्क अनुभव प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं और भादूविप्रा द्वारा किए गए नेटवर्क परीक्षणों में अधिक पारदर्शिता लाता है। यह उपभोक्ताओं को स्थान और सेवा प्रदाता के आधार पर परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करने में सक्षम बनाता है, टीएसपी को नेटवर्क के अनुकूलन के लिए क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता करता है तथा नेटवर्क में सुधार के लिए भादूविप्रा के प्रयासों को और सुदृढ़ करता है।"

सचिव/Secretary
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
Telecom Regulatory Authority of India
नई दिल्ली/New Delhi

उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे भादूविप्रा के MySpeed और MyCall ऐप के माध्यम से नियमित रूप से अपना योगदान दें। अधिकाधिक उपभोक्ताओं की भागीदारी से प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध जानकारी का भौगोलिक विस्तार और उपयोगिता बढ़ेगी।

**प्लेटफॉर्म तक पहुंच**

नेटवर्क अनुभव पोर्टल: https://anubhav.trai.gov.in

अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया सुश्री अर्चना अहलावत, सलाहकार (आईटी) से ई-मेल: advisorit@trai.gov.in पर संपर्क करें।

(पुष्पेंद्र कुमार सिंह)
सचिव (प्रभारी), भादूविप्रा
www.trai.gov.in
सचिव/Secretary
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
Telecom Regulatory Authority of India
नई दिल्ली/New Delhi

**भादूविप्रा के बारे में**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की स्थापना ट्राई अधिनियम, 1997 के अंतर्गत एक स्वतंत्र वैधानिक निकाय के रूप में की गई है। भादूविप्रा का उद्देश्य पारदर्शी विनियमन, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण को बढ़ावा देना तथा दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र का सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करना है। इस उद्देश्य से प्राधिकरण दूरसंचार, प्रसारण और केबल टेलीविजन क्षेत्रों का विनियमन करता है।

**नोट:**

भादूविप्रा एक विनियामक प्राधिकरण है और उपभोक्ताओं को सीधे सेवाएं प्रदान नहीं करता है। किसी व्यक्तिगत सेवा से संबंधित समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ताओं को निर्धारित शिकायत एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया के माध्यम से अपने लाइसेंसधारी सेवा प्रदाता से संपर्क करना चाहिए।

**ऑफिशियल अपडेट के लिए भादूविप्रा को निम्नलिखित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉलो करें:**

X (formerly Twitter) - @TRAI Facebook - @TRAI Instagram - @trai.official_ LinkedIn - @trai-official YouTube - @TelecomRegulatoryAuthorityofIndia